प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

19.10 शनिवार दिनांक 30.08.2025

मुख्य समाचार :–

- राज्य सरकार ने विभिन्न जिलों से हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों की जानकारी मांगी–कहा कि कार्यस्थल से अनुपस्थित कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलेगा।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जापान और दक्षिण कोरिया के विदेश दौरे से लौटे–कहा कि इस यात्रा से प्रदेश में विदेशी निवेश और औद्योगिक विकास के रास्ते खुलेंगे।

- बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक शिक्षादूत की हत्या कर दी।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से ''मन–की–बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी–हड़ताल

प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल आज भी जारी है। जांजगीर–चांपा जिले में एनएचएम के कर्मचारियों ने पीपीई किट पहनकर रैली निकाली और विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच, राज्य सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–एनएचएम के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने पर ''काम नहीं तो वेतन नहीं'' के सिद्धांत का पालन करना होगा। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को भेजे गए पत्र में स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि बीते अट्ठारह अगस्त से लगातार अनुपस्थित पाए जा रहे एनएचएम अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी तत्काल राज्य कार्यालय को भेजी जाए।

मुख्यमंत्री–विदेश दौरा वापसी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आठ दिवसीय जापान और दक्षिण कोरिया के विदेश दौरे के बाद आज राजधानी रायपुर लौटे। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा सफल रही है। इस यात्रा से प्रदेश में विदेशी निवेश और औद्योगिक विकास के रास्ते खुलेंगे।

श्री साय ने बताया कि भारत और जापान के बीच हुए समझौतों से प्रदेश में एआई, सेमी कंडक्टर और रक्षा क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं बढ़ने से रोजगार के बड़े अवसर छत्तीसगढ़ के युवाओं को मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस यात्रा के दौरान जापान और दक्षिण कोरिया से छत्तीसगढ़ में निवेश के संबंध में चर्चा की गई और एआई, सेमी कंडक्टर, टेक्सटाइल और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश की सहमति बनी है। साथ ही कई औद्योगिक संस्थानों से छत्तीसगढ़ में निवेश के प्रस्ताव भी मिले हैं। श्री साय ने बताया कि इस दौरे के दौरान जापान और दक्षिण कोरिया के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की गई। दोनों ही देशों के प्रतिनिधियों का छत्तीसगढ़ में निवेश को लेकर रूख सकारात्मक रहा।

श्री साय के विदेश दौरे से वापस लौटने पर रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पर मंत्रियों, भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

जीडीपी–वृद्धि अनुमान

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पांच तिमाही में सबसे अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत रही थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह छह दशमलव पांच प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकडों के अनुसार नॉमिनल जीडीपी में आठ दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इधर, छत्तीसगढ़ लघु उद्योग भारती की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सिप्पी दुबे ने कहा है कि जीडीपी में वृद्धि का अनुमान अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है।

## महानदी विवाद–समाधान पहल

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच बीते लंबे समय से जारी महानदी जल विवाद को सुलझाने के लिए महत्वपूर्ण पहल हुई है। आज नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के मुख्य सचिव और जल संसाधन विभाग के सचिव शामिल हुए। बैठक में यह तय हुआ कि आगामी सितंबर महीने से दोनों राज्यों की तकनीकी समितियां हर हफ्ते बैठक करेंगी। इन समितियों में इंजीनियर और विशेषज्ञ शामिल होंगे। ये समितियां जल विवाद के मुख्य मुद्दों को पहचानेंगी और उनका हल निकालने की कोशिश करेंगी।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से ''मन–की–बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौबीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

रेशम मेला

उपमुख्यमंत्री अरूण साव आज कोरबा जिले के पाली में आयोजित रेशम–कृषि मेला सह मेरा रेशम–मेरा अभिमान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि रेशम कृषि मेला से तसर रेशम उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

दीदी के गोठ

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन–बिहान के तहत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम ''दीदी के गोठ'' कार्यक्रम का शुभारंभ कल इकतीस अगस्त को दोपहर बारह बजकर पन्द्रह मिनट पर किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों से एक साथ प्रसारित होगा। साथ ही उसकी लाइव स्ट्रिीमिंग, ऑनलाइन प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध रहेगी, जिससे लोग भी जुड़ सकेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राज्य के उपमुख्यमंत्री और पंचायत तथा ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के ग्रामीण महिलाओं के नाम संदेश प्रसारित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि ''दीदी के गोठ'' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्व–रोजगार के अवसर प्रदान करना तथा आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना है। इस कार्यक्रम के तहत स्व–सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियां सुनाई जाएंगी।

सांसद खेल महोत्सव

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कल राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड–एनटीपीसी सीपत में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने सांसद खेल महोत्सव अभियान का शुभारंभ किया। सांसद खेल

महोत्सव आगामी बीस सितंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान खेल पंजीयन किया जाएगा और इक्कीस सितंबर से पच्चीस दिसंबर तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा।

सांसद खेल महोत्सव अभियान के तहत अंतर ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठ गांवों के छियानवे खिलाड़ी शामिल हुए।

<u>सांसद खेल महोत्सव</u>

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कल राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड–एनटीपीसी सीपत में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने सांसद खेल महोत्सव अभियान का शुभारंभ किया। सांसद खेल महोत्सव आगामी बीस सितंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान खेल पंजीयन किया जाएगा और इक्कीस सितंबर से पच्चीस दिसंबर तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा।

सांसद खेल महोत्सव अभियान के तहत अंतर ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठ गांवों के छियानवे खिलाड़ी शामिल हुए।

<u>शिक्षादूत–हत्या</u>

बीजापुर जिले में बीती रात माओवादियों ने एक शिक्षादूत की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गंगालूर थाना क्षेत्र के नेन्द्रा में पदस्थ शिक्षादूत कल शाम स्कूल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान माओवादियों ने उसका अपहरण कर लिया और उसकी हत्या कर दी। मृतक कल्लू ताती तोरता का रहने वाला था।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही माओवदियों ने ऐसे ही एक शिक्षादूत की हत्या कर दी थी।

<u>समीक्षा–बैठक</u>

वाणिज्यिक कर मंत्री लखनलाल देवांगन ने कल नवा रायपुर में आबकारी विभाग की कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आबकारी विभाग के चार नये सॉफ्टवेयर को लांच किया। इनमें

आईओएस मनपसंद मोबाइल एप्लीकेशन, सैलरी कलेक्शन वेब एप्लीकेशन, सेव सुविधा मोबाइल एप्लीकेशन और टोल फ्री एप्लीकेशन शामिल हैं।

## नो हेलमेट–नो पेट्रोल

रायपुर पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने एक सितंबर से "नो हेलमेट–नो पेट्रोल" अभियान चलाने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल धगट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कल इस संबंध में उपमुख्यमंत्री अरूण साव और कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। श्री धगट ने बताया कि एसोसिएशन की बैठक में तय किया गया कि पेट्रोल पंपों में हेलमेट पहनकर आने वाले दुपहिया वाहन चालकों को ही पेट्रोल दिया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक–स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर बनी हुई है। इसके प्रभाव से बदली–बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने आगामी दो से पांच सितंबर तक प्रदेश में उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नीट–यूजी काउंसलिंग में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय, रायपुर द्वारा जारी मेरिट लिस्ट को वैध मानते हुए उसके आधार पर किए गए आवंटन प्रक्रिया को मान्य किया है। इस संबंध में एक अभ्यर्थी द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया गया है।

- राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने कांकेर जिले में हुई भारतीय सेना के जवान मोतीराम अचला की हत्या के मामले में पांच माओवादियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। इस जवान की वर्ष दो हजार तेईस में कांकेर जिले के आमाबेड़ा ब्लॉक स्थित ग्राम उसेली में आयोजित मेले में माओवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजत जंयती वर्ष के उपलक्ष्य में कल उच्च न्यायालय के सभागार में अधिवक्ताओं के लिए वाद–विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

- खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कल साइबर अपराधों और बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज रायगढ़ में आबकारी उप निरीक्षक संतोष कुमार नारंग को पचास हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

- पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल कल अंबिकापुर में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय उन्मुखी कार्यक्रम में शामिल हुए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>